>

Title: Need to expedite widening of N.H.- 33 between Rajkot and Bhavnagar in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : मेरे संसदीय क्षेतॣ अमरेली के अंतर्गत राज्यमार्ग 33 चावंड, लाठी, अमरेली के बीच राजमार्ग को चौडा करने एवं राजमार्ग 33 के तहत राजकोट भावनगर रोड पर सड़क को चौड़ा करने का कार्य प्रगतिपथ योजना के तहत प्रस्तावित है एवं 1973 से पूर्व इस क्षेतॣ की भारी भूमि वन क्षेतॣ से बाहर थी और 1973 में इन सड़कों को बन अंतर्गत करते समय यह नोटिफिकेशन जारी हुआ था कि रोड साईड वाला इलाका गुजरात सरकार का रहेगा एवं जिस जगह पर सड़क बन रही है वह पहले से सड़क थी। यातायात बढ़ने से इन सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। इन प्रस्तावों पर मुख्य संरक्षण अधिकारी केन्द्रीय भोपाल ने आपत्ति जताई है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वन संरक्षक अधिकारी भोपाल को निर्देशित किया जाये कि सौराÂष्ट्र क्षेतॣ में जो प्रदूÂाण संबंधी कार्य हो रहा है उनके खिलाफ कार्यवाही करे और पूर्व में जो नोटिफिकेशन हुए हैं उनके तहत काम करे एवं विकास कार्य और सुविधा वाले कार्य में अनावश्यक आपत्ति न लगाये।